रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

**034**

**234 (HGJ)**

# 2023
# सामाजिक विज्ञान
## SOCIAL SCIENCE

समय : 3 घण्टे ]
**Time : 3 Hours ]**

[ पूर्णांक : 80
**[ Max. Marks : 80**

**निर्देश : Directions :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 27 प्रश्न हैं। **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
There are in all 27 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 9 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 9 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 10 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।
Question No. 10 to 19 are short answer type questions, to be answered in about 80 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 20 से 26 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।
Question No. 20 to 26 are long answer type questions, to be answered in about 120 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 27 मानचित्र से सम्बन्धित है मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए।
Question No. 27 is Map related question. Attach the map inside your answer book.

(viii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) फ्रांस की 'नागरिक संहिता 1804' को आमतौर पर किस नाम से जाना जाता है- 1

(i) फ्रैंच संहिता (ii) नेपोलियन संहिता

(iii) पेरिस संहिता (iv) मेरालियन संहिता

'The Civil Code of 1804' of France is usually known as -

(i) The French Code (ii) The Napoleonic Code

(iii) The Paris Code (iv) The Meralean Code

(ख) उस नेता का नाम बताइए जिसकी मृत्यु साइमन कमीशन का बहिष्कार करने के दौरान हुई- 1

(i) राजगुरू (ii) भगत सिंह (iii) सुखदेव (iv) लाला लाजपत राय

Name the leader who sacrificed his life while boycotting the Simon Commission -

(i) Rajguru (ii) Bhagat Singh (iii) Sukhdev (iv) Lala Lajpat Rai

(ग) विश्व में आर्थिक महामंदी की शुरूआत कब से हुई - 1

(i) 1929 (ii) 1930 (iii) 1931 (iv) 1932

When did the Great Depression begin in the World –

(i) 1929 (ii) 1930 (iii) 1931 (iv) 1932

(घ) निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले प्रिंटिंग प्रेस का विकास किया - 1

(i) योहान गुटेन्बर्ग (ii) जेम्स वॉट

(iii) न्यू कामन (iv) मारकोनी

Who among the following developed the first printing press-

(i) Johann Gutenberg (ii) James Watt

(iii) New Common (iv) Marconi

(ङ) इनमें से कौन सी टिप्पणी प्राकृतिक वनस्पतिजात और प्राणिजात के ह्रास का सही कारण नहीं है? 1

(i) कृषि प्रसार

(ii) पशुचारण और ईंधन लकड़ी एकत्रित करना

(iii) वृहत स्तरीय विकास परियोजनाएँ

(iv) तीव्र औद्योगीकरण और शहरीकरण

Which of these statements is not a valid reason for the depletion of flora and fauna?

(i) Agricultural expansion

(ii) Grazing and fuel wood collection

(iii) Large scale developmental projects

(iv) Rapid industrialisation and urbanisation

(च) लौह अयस्क किस प्रकार का संसाधन है - 1

(i) नवीकरण योग्य (ii) प्रवाह (iii) जैव (iv) अनवीकरण योग्य

Which one of the following type of resource is iron ore -

(i) Renewable (ii) Flow (iii) Biotic (iv) Non-renewable

(छ) निम्नलिखित में से किस नदी पर सरदार सरोवर बाँध बना हुआ है- 1

(i) कावेरी नदी (ii) कृष्णा नदी (iii) नर्मदा नदी (iv) सतलुज नदी

On which of the following rivers Sardar Sarovar Dam is built -

(i) River Kaveri (ii) River Krishna (iii) River Narmada (iv) River Satluj

(ज) मोनाजाइट रेत में निम्नलिखित में से कौन सा खनिज पाया जाता है? 1

(i) खनिज तेल (ii) यूरेनियम (iii) थोरियम (iv) कोयला

Which one of the following minerals is contained in the Monazite Sand?

(i) Oil (ii) Uranium (iii) Thorium (iv) Coal

2. भारतीय संविधान में कितनी भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है? 1

How many languages are recognised as Scheduled Languages by the Indian Constitution?

3. स्त्री और पुरुष के समान अधिकारों और अवसरों में विश्वास करने वाले व्यक्ति को क्या कहा जाता है? 1

What a person is called who believes in equal rights and opportunities for women and men?

4. भारत के दो क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का नाम लिखिए। 1

Write the name of two regional political parties of India.

5. 'मानव विकास रिपोर्ट' कौन प्रकाशित करता है? 1

Who publish the 'Human Development Report'?

6. सूचना का अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ? 1

When was the Right to Information Act enacted?

7. राष्ट्रीय स्तर पर 'नाभिकीय आपदा प्रबंधन' हेतु नोडल मंत्रालय कौन सा है? 1

Which is the nodal ministry for 'nuclear disaster management' at the national level?

8. एन.एस.एस. का विस्तारित नाम लिखिए। 1

Write the full name of N.S.S.

9. 'कानून का शासन' किस शासन व्यवस्था में देखने को मिलता है? 1

In which reign system, the 'Rule of Law' is seen?

10. ब्रिटेन की महिला कामगारों ने स्पिनिंग जेनी मशीनों पर हमले क्यों किए? 3

Why did women workers in Britain attack the Spinning Jenny machines?

11. उन्नीसवीं सदी में भारत में गरीब जनता पर मुद्रण संस्कृति का क्या असर हुआ? 3

What were the effects of the spread of print culture for poor people in nineteenth century India?

12. सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए संस्थागत सुधार कार्यक्रमों का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the various institutional reform programmes introduced by the government in the interest of farmers.

13. परिवहन व संचार के साधन किसी देश की जीवन रेखा तथा अर्थव्यवस्था क्यों कहे जाते हैं? 3

Why are the means of transportation and communication called the lifelines of a nation and its economy?

14. खुली बेरोजगारी तथा प्रच्छन्न बेरोजगारी के बीच विभेद कीजिए। 3

Distinguish between open unemployment and disguised unemployment.

15. उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम 1986 के निर्माण की जरूरत क्यों पड़ी? 3

What is the rationale behind the enactment of Consumer Protection Act 1986?

16. दबाव-समूहों की गतिविधियाँ लोकतांत्रिक सरकार के कामकाज में कैसे उपयोगी होती हैं? 3

How the activities of pressure groups are useful in the functioning of a democratic government?

17. लोकतंत्र किन परिस्थितियों में सामाजिक विविधता को संभालता है और उनके बीच सामंजस्य बैठाता है? 3

What are the conditions under which democracies accommodate social diversities?

18. आपदाओं के दौरान वैकल्पिक संचार प्रणालियों की क्या उपयोगिता है? 3

What is the utility of alternate communication systems during disasters?

**अथवा/OR**

प्राथमिक उपचार से क्या अभिप्राय है? इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

What is meant by First Aid? What are its main aims?

19. भूस्खलन के लिए जिम्मेदार कारकों का उल्लेख कीजिये। 3

Mention the factors responsible for landslides.

20. अपने शासन वाले क्षेत्रों में शासन व्यवस्था को ज्यादा कुशल बनाने के लिए नेपोलियन ने क्या बदलाव किए? 4

What changes did Napoleon introduce to make the administrative system more efficient in the territories ruled by him?

21. 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' का कार्यक्रम क्या था? समझाइए। 4

What was the programme of 'Civil Disobedience Movement'? Explain

**अथवा/OR**

निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये - 2+2=4

Write short notes on following -

(क) रॉलट एक्ट
The Rowlatt Act

(ख) साइमन कमीशन
The Simon Commission

22. राजस्थान के अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? व्याख्या कीजिए। 4

Discuss how rainwater harvesting in semi-arid regions of Rajasthan is carried out.

**अथवा/OR**

उद्योगों द्वारा पर्यावरण निम्नीकरण को कम करने के लिए उठाए गए विभिन्न उपायों के बारे में बताइये।

Describe the steps to be taken to minimise environmental degradation by Industries.

23. शासन के संघीय और एकात्मक स्वरूपों में क्या-क्या मुख्य अंतर है? उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए। 4

What is the main difference between a federal form of government and a unitary one? Explain with an example.

**अथवा/OR**

भारतीय संदर्भ में सत्ता की हिस्सेदारी का एक उदाहरण देते हुए इसका एक युक्तिपरक और एक नैतिक कारण बताइये।

State one prudential reason and one moral reason for power sharing with an example from the Indian context.

24. सामाजिक विभाजन किस तरह से राजनीति को प्रभावित करते हैं? दो उदाहरण दीजिए। 4

How do social divisions affect politics? Give two examples.

25. विकास में ऋण की भूमिका का विश्लेषण कीजिए। 4

Analyse the role of Credit for development.

**अथवा/OR**

मुद्रा, आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की समस्या को किस तरह सुलझाती है? उदाहरण देकर समझाइए।

How does money solve the problem of double coincidence of wants? Explain with an example.

26. व्यापार और निवेश नीतियों का उदारीकरण वैश्वीकरण प्रक्रिया में कैसे सहायता पहुँचाता है? 4

How has liberalisation of trade and investment policies helped the globalisation process?

27. (अ) दिए गए भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर उन दो राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ निम्नलिखित घटनाएँ हुईं -

(क) डांडी यात्रा 1

(ख) चौरी चौरा कांड 1

(A) On the given political outline map of India, locate and label two states where the following incidents happened-

(a) Dandi March

(b) Chauri Chaura Incident

(ब) दिये गये भारत के इसी मानचित्र पर संकेतों की सहायता से निम्नलिखित को दर्शाइए और उन स्थानों के नाम भी लिखिए तथा मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिए -

(ग) बेलाडिला लौह अयस्क खदान □ चिन्ह से 1

(घ) अंकलेश्वर तेल क्षेत्र ⊠ चिन्ह से 1

(ङ) उत्तर-दक्षिण गलियारे का उत्तरी छोर ○ चिन्ह से 1

(च) मार्मागाओ समुद्री पत्तन △ चिन्ह से 1

(B) On the same given political map of India, locate and label the following places with symbols as marked against each and attach the map to your answer book -

(c) Bailadila Iron mine with the sign □

(d) Ankaleshwar oil field with the sign ⊠

(e) North terminal of North-South Corridor with the sign ○

(f) Marmagao seaport with the sign △

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 27 के स्थान पर है:**

**Note : The following question is for the Blind candidates only in lieu of question number 27:**

(अ) उन राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ निम्नलिखित घटनाएँ घटित हुईं-

(क) डांडी यात्रा 1

(ख) चौरी चौरा कांड 1

(A) Write the name of the states where the following events happened-

(a) Dandi March

(b) Chauri Chaura Incident

(ब) उन राज्यों के नाम लिखिए, जहाँ निम्नलिखित स्थित हैं-

(ग) बेलाडिला लौह अयस्क खदान 1

(घ) अंकलेश्वर तेल क्षेत्र 1

(ङ) उत्तर-दक्षिण गलियारे का उत्तरी छोर 1

(च) मार्मागाओ समुद्री पत्तन 1

(B) Write the name of states where the following are situated-

(c) Bailadila iron mine

(d) Ankaleshwar oil field

(e) North terminal of North-South Corridor

(f) Marmagao seaport

* * * * *